**Shree Ram Sharnam,**
**International Spiritual Centre**
8A, Ring Road, Lajpat Nagar - IV,
New Delhi - 110 024, INDIA

**मैया मोहे मंगल दर्शन दीजै**
**मैया मोहे मंगल दर्शन दीजै ॥**

**विमल तेजोमयी मधुर मूर्ति,**
**मनोगमा में निहारूं ।**
**ममता मन्दिर में माँ मेरी,**
**अपना मुझे कर लीजै ॥१॥**
**मैया मोहे मंगल दर्शन दीजै...**

**भले भाव भीतर सब जागें,**
**भक्ति भाव भर आवे ।**
**भारी भरोसा भगवति पाऊँ,**
**ऐसी करूणा कीजै ॥२॥**
**मैया मोहे मंगल दर्शन दीजै...**

**तेरा प्रेम बसे अंग अंग में,**
**तेरा राग अलापूं ।**
**वे मैं कर्म करूं जिस से तू,**
**मुझ पर मैया रीझै ॥३॥**
**मैया मोहे मंगल दर्शन दीजै...**

www.shreeramsharnam.org / www.ibiblio.org/ram